>

Title : Need to undertake repair & renovation of roads constructed under Pradhan Mantri Gram Sadak Yojana in Sheohar Parliamentary Constituency, Bihar.

श्रीमती रमा देवी (शिवहर): मेरे संसदीय क्षेत्र में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजनाओं के तहत जो सड़कें बनाई गई थी, वे जगह-जगह से टूट गई हैं और इन सड़कों पर किसानों को अपने छोटे-छोटे वाहन ले जाने में कई दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है और रात को इन सड़कों पर चलने से अनेकों दुर्घटनाएं हो गई हैं। ये दयनीय सड़कें, फतेहपुर-कौंडिया-लालगढ़, कहतरवा-किशुनपुर इत्यादि हैं। ये सड़कें शिवहर, डूमरी कटसरी, तरियानी प्रखंडों के अंतर्गत एनएचपीसी द्वारा बनाई गई हैं। लगता है कि कम्पनी ने इन सड़को के निर्माण में घटिया क्वालिटी का मेटेरियल लगाया होगा ा बाकि जगह पर सड़कें अच्छी दशा में हैं, परन्तु इन प्रखंडों में जो सड़कें एनएचपीसी द्वारा बनाई गई हैं, वे सब खराब हो गई हैं। इन सड़कों के संबंध में जांच होनी चाहिए थी कि ये सड़के दिशा निर्देश के अनुरूप बनी हैं या नहीं। लगता है कि इसकी जांच नही की गई है, मेरे कहने का मतलब है कि मेरे संसदीय क्षेत्र में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजनान्तर्गत सड़को का निर्माण दिशानिर्देशानुसार नही हो रहा है।

सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि इन सड़कों के निर्माण कार्यों की समीक्षा की जाये और खराब सड़कों की मरम्मत, पुनर्निर्माण के लिए संबंधित एजेंसी को तुंत आदेश दिए जायें।